राजभाषा विभाग की अप्रैल, 2020 माह की मुख्य उपलब्धियां

(i) राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 का वार्षिक कार्यक्रम तैयार किया गया जिसे राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया। इसके अंतर्गत केंद्र सरकार के कार्यालयों के लिए हिंदी में कार्य करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

(ii) राजभाषा विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा दिनांक 15.04.2020 से लॉक डाउन के दूसरे चरण में जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कर्मचारियों को रोटेशन के आधार पर कार्यालय में उपस्थित होने के निदेश जारी किए गए।

(iii) विभाग द्वारा Covid-19 की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण तथा कार्मिक विभाग के कार्यालय ज्ञापन/पत्र दिनांक 16.04.2020, 23.04.2020 और 29.04.2020 के तहत दिशानिर्देशों का अनुपालन किया गया।

(iv) Covid -19 की समस्या को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यसीमा संबंधित कार्यों को करने की कार्य सीमा बढ़ाने संबंधित आदेश जारी किए गए।

(v) कार्यान्वयन/तकनीकी अनुभाग द्वारा संशोधित SGoS दस्तावेज कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेज गया। SGoS संबंधित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सी डेक/प्रशिक्षण/तकनीकी अनुभाग को निदेश दिए गए।

(vi) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा अप्रैल, 2020 में कुल 1095 मानक पृष्ठों का अनुवाद किया गया। कुल 773 मानक पृष्ठों का पुनरीक्षण किया गया।

*****